एक नजर

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की सूची का अंतिम प्रकाशन

रायबरेली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. लखनऊ द्वारा निर्गत निर्देशों एवं निर्धारित गाइडलाइन के अनुपालन में जनपद रायबरेली के सभी छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का सम्भाजन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-25 के अंतर्गत किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित समय-सारिणी के क्रम में जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 177-बछरावां (अ.जा.), 179-हरचन्दपुर, 180-रायबरेली, 181-सलोन (अ.जा.),182-सरेनी एवं 183-ऊंचाहार के मतदेय स्थलों की सूचियों का अंतिम प्रकाशन पांच नवम्बर 2026 को कर दिया गया है। अंतिम प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूचियां संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों (तहसील कार्यालयों), जिला निर्वाचन कार्यालय, रायबरेली तथा जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर जनसामान्य के निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध हैं।

नगर कोतवाली में तैनात दरोगा से जुड़े मामला

सुलतानपुर। साइबर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब पुलिसकर्मी भी उनके निशाने से सुरक्षित नहीं हैं। ताजा मामला कोतवाली नगर में तैनात एक दरोगा से जुड़ा है। साइबर जालसाजों ने एपीके फाइल का लिंक भेजकर उनके बैंक खाते से दो बार में 1.69 लाख रुपये उड़ा दिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित दरोगा ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया है ।जानकारी के मुताबिकए लखीमपुर खीरी जिले के कोतवाली सदर क्षेत्र के बलदेवनगर निवासी दरोगा रामप्रेम कनौजिया वर्तमान में सुलतानपुर की कोतवाली नगर में तैनात हैं। उनके मोबाइल नंबर पर साइबर ठगों ने एंड्रॉयड एप्लीकेशन पैकेज ;एपीकेद्ध फाइल का लिंक भेजा था। अनजाने में दरोगा ने उस लिंक पर क्लिक कर दिया। इसके बाद जालसाजों ने उनके बैंक खाते से दो बार में यूपीआई के माध्यम से कुल 1.69 लाख रुपये निकाल लिए ।खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलते ही दरोगा के होश उड़ गए। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। इंस्पेक्टर सुरेश नारायण मिश्र ने बताया कि साइबर ठगी के मामले में आईटी एक्ट और धोखाधड़ी की धाराओं में कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की ओर से डिटेल और अन्य माध्यमों से जालसाजों की तलाश की जा रही है।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर से दो युवक गंभीर रुप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

चांदा सुल्तानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के मदारडीह गांव के समीप चांदा.पट्टी मार्ग पर दो बाइकों की आमने.सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को आनन.फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया गया ।घायलों की पहचान आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मानापुर गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र चैतूराम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मनोज कुमार मजदूरी करके बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। वहींए दूसरे बाइक सवार संदीप पुत्र पृथ्वीपाल अपने घर से चांदा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान गलहिता गांव के समीप दोनों बाइकों की आमने.सामने टक्कर हो गईए जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।सीएचसी प्रतापपुर कमैचा में चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए दोनों को जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाये और स्वच्छता के प्रति लोगो को किया गया जागरूक

चांदा । चांदा कस्बे में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार.प्रसार करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई ।नाटक के माध्यम से कलाकारों ने स्वच्छता के महत्व को दर्शाते हुए लोगों को अपने आसपास साफसफाई रखनेए कूड़ा.कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा गंदगी से होने वाली बीमारियों के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया। इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी रोचक और सरल तरीके से जानकारी दी गईए ताकि आमजन योजनाओं का लाभ उठा सकें ।कलाकारों ने अपने अभिनय और संवाद के जरिए लोगों को जागरूक करते हुए सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने की अपील की।

पेंशनरों के लिए अंकीय जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के निर्देश, कोषागार ने जारी की

सुल्तानपुर। कोषागार सुल्तानपुर से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर और पारिवारिक पेंशनरों को अंकीय जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कहा गया है। वरिष्ठ कोषाधिकारी सुल्तानपुर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पेंशनर अपने नजदीकी संगणक केंद्रए सुविधा केंद्र या साइबर कैफे से जीवन प्रमाण जालस्थल अथवा उमंग मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश कोषागार.उप कोषागार सुल्तानपुर का चयन करते हुए अपना अंकीय जीवन प्रमाण पत्र बनाकर अंकीय रूप में कोषागार को भेज सकते हैं ।अंकीय जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए पेंशनर को आधार पहचान पत्र संख्याए पेंशन भुगतान आदेश संख्याए पेंशन बैंक खाता संख्या भारतीय वित्तीय प्रणाली संहिता सहित और मोबाइल संख्या की आवश्यकता होगी।

अवैध खनन पर डीएम सख्त, एसडीएम.सीओ की तय होगी जवाबदेही

सुलतानपुर। जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तहसील में अवैध खनन का मामला मिलने पर संबंधित एसडीएम और सीओ जिम्मेदार होंगे। प्रत्येक तहसील में महीने में कम से कम दो औचक निरीक्षण कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में डीएम ने खनन अधिकारी को स्वयं और पुलिस अधीक्षक के स्तर से भी हर माह दो निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि खनन की अनुमति केवल यूपी माइन मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मिलेगी। ऑफलाइन अनुमति मान्य नहीं होगी। बिना अनुमति पकड़े गए वाहन पर 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा ।डीएम ने सभी विभागों और निर्माण कार्यदायी संस्थाओं को पिछले एक वर्ष के खनन अनुमति और एनओसी का ब्योरा एक सप्ताह में उपलब्ध कराने को कहा। परिवहन विभाग से अवैध खनन और ओवरलोडिंग के चालान का विवरण भी मांगा। खनन अधिकारी को प्रत्येक माह की पांच तारीख तक प्रगति रिपोर्ट शासन को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण परियोजनाओं में वैध स्रोत से खनिज खरीदने और परिवहन संबंधी अभिलेख रखने की हिदायत दी। अवैध खनिज सामग्री के इस्तेमाल या लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शासन को कार्रवाई के लिए पत्र भेजने की चेतावनी दी।

दिव्यांग बच्चों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

अमेठी। समेकित शिक्षा के अंतर्गत जनपद के 13 विकास खंडों से चयनित 150 दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक एवं सामाजिक विकास के उद्देश्य से शुक्रवार को शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया ।जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर से बसों को हरी झंडी दिखाकर एचएएल कोरवा अमेठी के लिए रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी उपस्थित रहे। जिला समन्वयक शशिकांत सेन के नेतृत्व में समेकित शिक्षा के अंतर्गत कार्यरत विशेष शिक्षकों एवं केयरटेकर की देखरेख में बच्चों को पूर्ण सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं के साथ शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। एचएएल कोरवा पहुंचने पर बच्चों ने प्राकृतिक वातावरण के बीच विभिन्न प्रकार के वन्य जीवों पक्षियों एवं अन्य प्राकृतिक दृश्यों को करीब से देखा। साथ ही वहां स्थित झील एवं आसपास के मनोरम वातावरण का आनंद लिया। भ्रमण के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली। उन्होंने अपने साथ मौजूद विशेष शिक्षकों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछकर जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने भी बच्चों की समझ एवं भाषा के अनुरूप सरल और सहज तरीके से उन्हें वन्य जीवों पक्षियों तथा प्रकृति के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को कक्षा-कक्ष की पढ़ाई से इतर व्यावहारिक एवं अनुभव आधारित सीखने का अवसर प्रदान करना उनके आत्मविश्वास एवं जिज्ञासु प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना तथा उनमें सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित करना है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी क्षमताओं को पहचानने नए अनुभव प्राप्त करने और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलता है।

एनएसपीएस त्रिपुला विद्यालय में दीपोत्सव की धूम

दीया बैलेंसिंग रेस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में दीपावली अवकाश से पूर्व धनतेरस के शुभ अवसर पर पांच दिवसीय दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। पारंपरिक आस्था, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उत्सव को यादगार बना दिया। साथ ही सुबह की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के सहयोगी कर्मचारियों को दिए, खील, बतासे और फुलझड़ियाँ उपहार स्वरूप प्रदान की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा ने प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ भगवान गणेश, माता लक्ष्मी, मां सरस्वती और भगवान कुबेर के विधिवत पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य एवं गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भगवान गणेश, माता लक्ष्मी और मां सरस्वती के स्वरूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह में विद्यार्थियों की माताओं के बीच आयोजित दीया बैलेंसिंग रेस विशेष आकर्षण रही। वहीं पूजा थाली सजावट एवं बंदनवार प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। सह-प्रबंधिका डॉ. रश्मि शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अज्ञानता पर ज्ञान, अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देने वाला उत्सव है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हरित एवं सुरक्षित दीपावली मनाने तथा अपने जीवन में प्रेम, सद्भाव और अनुशासन के प्रकाश को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आराध्या एवं अदिति ने किया। अंत में प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया और फुलझड़ियों की रोशनी के साथ कर्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, शुभांजलि, मिंजा, अजय सिंह, राममिलन, गिरीश श्रीवास्तव, शिक्षक-शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़ जमकर हुई खरीददारी

अमेठी। विभिन्न बाजारों में धनतेरस के पर्व पर दुकानों पर जमकर खरीददारी की गई। महंगाई को दरकिनार कर खरीददारी के लिए लोगों में खासा उत्साह दिखाई पड़ा। देर शाम तक बाजार गुलजार रहे। प्रकाश पर्व दीपावली और धनतेरस को लेकर नगर और ग्रामीण अंचल सहित विभिन्न क्षेत्रों में बाजार सजे हैं। कपड़ा बर्तन और आभूषण की दुकानों के अलावा मोटर वाहन एजेंसी को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है ।जहां नये वाहनों की लंबी लंबी कतार दिखाई पड़ रही है। वही मिठाई की दुकानें भी सज गई है लाई च्यूरा और खिलौने की दुकानें सजाई गई है।

चाइनीज झालर पटाखा मोमबत्ती की दुकानें भी सजी है ।विगत वर्षों के झंझावात के कारण आर्थिक तंगी से लोग उबर नहीं पाए हैं लेकिन त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई पड़ रहा है ।झाड़ू वर्तन कपड़ा लक्ष्मी गणेश कुबेर की मूर्ति की दुकानों पर भारी भीड़ रही ।आभूषण की दुकानों पर भी जमकर खरीददारी की गई।

दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर राममय हुआ एसजेएस लालगंज, दीपोत्सव की छटा ने मोहा मन



लालगंज (रायबरेली)। नगर के प्रतिष्ठित एवं बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल, लालगंज में दीपावली का पर्व अत्यंत भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश एवं माँ लक्ष्मी के माल्यार्पण एवं पूजन के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। छात्रों ने इस अवसर पर अनेक रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियों का मंचन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक रमेश बहादुर सिंह, प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह-प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि स्वयं को ज्ञान, विवेक और सदाचार के प्रकाश से प्रकाशित करने का अवसर है। जिस प्रकार एक छोटा-सा दीपक अंधकार को दूर करने की क्षमता रखता है, उसी प्रकार व्यक्ति का एक अच्छा विचार, श्रेष्ठ आचरण और सकारात्मक प्रयास समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दीपावली हमें जीवन में नई आशाओं, नए संकल्पों और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। अनुशासन, समय का सदुपयोग, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने व्यक्तित्व, व्यवहार एवं नैतिक मूल्यों को भी श्रेष्ठ बनाएं। साथ ही उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को पंच दिवसीय पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल दीपोत्सव मनाने की अपील की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में चार चाँद लगा दिए। कक्षा नौ के छात्रों ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर और कक्षा तीन से पांच के छात्रों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक एवं नैतिक संदेश दिया। वहीं कक्षा 11 के छात्रों द्वारा रामायण कथा पर आधारित मनमोहक मंचन तथा भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन के उत्सव की सजीव प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। समारोह के अंत में आतिशबाजी के प्रदर्शन एवं दीपोत्सव की भव्यता ने कार्यक्रम को और यादगार बना दिया।

श्याम इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



जगदीशपुर अमेठी। विकासखंड जगदीशपुर के मंगौली स्थित श्याम इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया समारोह के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और उल्लास से सराबोर नजर आया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया ।कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी नितेश राज ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही समारोह का विधिवत आगाज हुआ इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया वार्षिकोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने तथा शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है ।समारोह को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी नितेश राज ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने से उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और वे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं।

नगर में दिन भर लग रहा भीषण जाम

अमेठी। धनतेरस पर्व पर बाजारों में खरीददारी को उमड़ी भीड़ के कारण नगर में दिनभर भीषण जाम लगा रहा। अध्यनरत छात्र-छात्राओं को भी आवागमन में भारी मुश्किल का सामना करना पड़ा त्योहार को लेकर सड़क के पटरियों पर सजी दुकानें और लोगों की भीड़ के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय प्रशासन जाम के आगे बेबस नजर आया। नगर के गांधी चौक पर ककवा रोड के रास्ते ओवर ब्रिज से लेकर रोडवेज बस स्टेशन तिराहा राजर्षि तिराहे सगरा तिराहा दिन भर जाम की चपेट में रहा। नगर के रामलीला मैदान का मार्ग भी जाम की चपेट में दिनभर व्यस्त रहा। सड़क की पटरियों पर मिट्टी के दिए लाई चूरा और सब्जी तथा फलों के ठेले वालों के अलावा नियमित दुकानदारों ने भी सड़क पर बढ़कर अपनी दुकानें सजा रखी थी।

पात्र लाभार्थियों को पेंशन मिलने में किसी तरह की समस्या ना हो-डीएम



सुलतानपुर ।जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में अल्पसंख्यक कल्याणए महिला कल्याणए समाज कल्याणए दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा तथा संबंधित जिला स्तरीय समितियों की वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार योजनाओं की प्रगतिए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने की स्थिति तथा विभिन्न समितियों के माध्यम से संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय दिव्यांगता समितिध्दिव्यांग बंधु/लोकल लेवल कमेटीध्जिला प्रबंध समितिए जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग कमेटी शादी अनुदान स्वीकृति समितिए समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति वृद्धावस्था पेंशन की आधार सीडिंग तथा मुख्यमंत्री बाल संरक्षण योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अभ्युदय योजनाए बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओए वन स्टॉप सेंटरए कन्या सुमंगला योजनाए रानी लक्ष्मीबाई महिला कल्याण कोषए निराश्रित महिला पेंशनए की बैठक सहित कुल 16 महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगजन पेंशन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों की पेंशन में किसी प्रकार की अनावश्यक बाधा न आने पाए। आधार सीडिंग से संबंधित लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए जिससे लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित हो सके। निराश्रित महिला पेंशन योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि अबतक 53264 लाभार्थियों को प्रथम किस्त प्रदान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं शादी अनुदान योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुसार लाभान्वित करने तथा छात्रवृत्ति योजनाओं में पात्र विद्यार्थियों के आवेदन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा में अवगत कराया गया कि उपलब्ध निधियों की तुलना में 97 प्रतिशत धनराशि का व्यय किया जा चुका है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं की शिक्षाए सुरक्षा एवं सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने तथा वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को आवश्यक सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुल 74073 आवेदनों के सापेक्ष 52064 आवेदन स्वीकृत हुये हैं एवं रानी लक्ष्मीबाई महिला कल्याण कोष के अंतर्गत अवगत कराया गया कि 08 प्रकरण का सेन्शन आर्डर हस्ताक्षर हेतु पुलिस अधीक्षक के स्तर पर लम्बित है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं एवं समितियों की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत.प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में सभी संबंधित विभागों अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एक नजर

पालिका बोर्ड की बैठक में सख्त हुईं पालिकाध्यक्ष लापरवाह कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

शाहाबाद। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक गुरुवार को पालिका सभागार में अध्यक्ष नसरीन बानो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर की मूलभूत समस्याओं, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अतिक्रमण सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभासदों की ओर से प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के बाद कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई ।पालिकाध्यक्ष नसरीन बानो ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नगर की सड़कों, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में लापरवाही और उदासीनता की शिकायत मिलने पर जांच कर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।बैठक में नगर की प्रकाश व्यवस्था सुधारने के लिए अतिरिक्त लाइटें मंगवाने, लंबित मानचित्रों को स्वीकृति देने और बढ़े हुए गृहकर में संशोधन कर नागरिकों को राहत देने पर सहमति बनी। इसके अलावा शव वाहन खरीदने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। सभासद अतुल मिश्रा ने नगर के प्रमुख चौराहों पर ब्रेकर बनवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की। नगर में अतिक्रमण की समस्या पर भी चर्चा हुई ।अधिशासी अधिकारी सर्वेश कुमार कुशवाहा ने पालिका की योजनाओं और बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों की जानकारी दी। इस मौके पर सभासद रिजवान, अतुल मिश्रा, अजहर मसूद, शैल कुमारी गुप्ता, इमरान, रतिराम, पूनम गुप्ता, महनूर जवी, आदित्य गौतम, यदुवीर, महेंद्र, सुभाष रस्तोगी, फूल मियां तथा पालिका के जेई विजय कृष्ण यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

डेढ़ करोड़ से संवरेगा उधरनपुर का ऐतिहासिक रामलीला मैदान, 17 गांवों की बिजली व्यवस्था सुधारने की तैयारी

शाहाबाद। उधरनपुर के ऐतिहासिक रामलीला मेले में पहुंचे पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि उधरनपुर के लोग उनके परिवार का हिस्सा हैं। शाहाबाद नगर पालिका से जुड़ने के बाद क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शाहाबाद से उधरनपुर तक मुख्य मार्ग को आकर्षक लाइटों से रोशन किया गया है ।पूर्व विधायक ने बताया कि ऐतिहासिक रामलीला मैदान के सुंदरीकरण के लिए करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से टेंडर प्रक्रिया पूरी कराई जा चुकी है। इससे अगले वर्ष तक मैदान का स्वरूप पूरी तरह बदला नजर आएगा। उधरनपुर में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए मुख्य नाले के निर्माण और प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भी पास कराया गया है ।उन्होंने बताया कि शाहाबाद सीमा से जुड़े 17 गांवों की विद्युत व्यवस्था को शाहाबाद से जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। कुछ तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनों के कारण इसमें देरी हुई है, लेकिन उच्चाधिकारियों से वार्ता हो चुकी है। जल्द ही योजना को पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर बिजली व्यवस्था का लाभ मिल सके ।सामाजिक सौहार्द पर जोर देते हुए आसिफ खां ने कहा कि उधरनपुर का रामलीला मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत और गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है। रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इंसानियत से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से जाति-धर्म से ऊपर उठकर क्षेत्र की तरक्की और सामाजिक सद्भाव के लिए एकजुट रहने की अपील की।

गुड़गांव से घर लौट रहा परिवार नहर में समाया, दंपति और तीन माह के मासूम की मौत, एक युवक बचा

बिलग्राम (हरदोई)। बिलग्राम थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में कार सवार दंपति और उनके तीन माह के मासूम बच्चे की मौत हो गई। गुड़गांव से हरदोई लौट रहे लोगों की कार जफरपुर पुलिया के पास अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार एक अन्य युवक सुरक्षित बच गया। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से गांव में मातम छा गया ।पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब चार बजे डायल-112 पर सूचना मिली कि ग्राम जफरपुर पुलिया के पास एक कार नहर में गिर गई है और उसमें सवार लोग डूब गए हैं। सूचना मिलते ही पीआरवी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर कार सवार सभी लोगों को बाहर निकलवाया ।कार में आदित्य सिंह (28) पुत्र रामनरेश सिंह, रमेश (35) पुत्र हरिराम, उनकी पत्नी नीलम (32) और तीन माह का बच्चा सवार थे। सभी मूल रूप से सुरसा थाना क्षेत्र के ग्राम सर्रा के निवासी बताए गए हैं और चांद बेहटा में रह रहे थे। ये लोग गुड़गांव से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाहपुर मोड़ के पास जफरपुर पुलिया पर कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी ।हादसे में आदित्य सिंह सुरक्षित बच गए, जबकि रमेश, नीलम और उनके मासूम बच्चे को एंबुलेंस से जिला अस्पताल कन्नौज ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। कन्नौज पुलिस ने पंचायतनामा सहित अन्य विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है ।क्षेत्राधिकारी बिलग्राम रामसूरत सोनकर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से सभी को नहर से बाहर निकलवाया गया। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक के घर में घुसकर फायरिंग का आरोप, व्हाट्सएप कॉल पर दी जान से मारने की धमकी

हरदोई। शहर कोतवाली क्षेत्र में भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजक कमल सिंह उर्फ कमल ठाकुर ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग करने के साथ ही दोबारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है ।कमल सिंह के मुताबिक, 18 अक्टूबर की रात करीब 1ः08 बजे पुरानी रंजिश के चलते शैलेंद्र सिंह, सुधांशु सिंह, शिव सिंह और निखिल पांडेय असलहों के साथ छत के रास्ते उनके घर में घुस आए। आरोप है कि हमलावर बेडरूम तक पहुंच गए और मारपीट करने के साथ जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। घटना के बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की थी ।पीड़ित का आरोप है कि 28 अक्टूबर की रात करीब 10ः48 बजे सुधांशु सिंह और निखिल पांडेय ने उन्हें व्हाट्सएप कॉल कर दोबारा जान से मारने की धमकी दी। इस कॉल का वीडियो उनके भाई के मोबाइल में रिकॉर्ड हो गया। आरोप है कि कॉल के दौरान आरोपियों ने सीने में गोली उतारने और आमने-सामने मिलने की धमकी दी। साथ ही पुलिस प्रशासन के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया ।कमल सिंह का कहना है कि उन्होंने कॉल से संबंधित ऑडियो-वीडियो साक्ष्य शहर कोतवाली पुलिस को उपलब्ध कराए और पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग की। गिरोह चलाने का भी आरोप लगाया है। वहीं पुलिस अभिलेख के अनुसार चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।

अधिवक्ता को टक्कर मारने के मामले में मुकदमा दर्ज

मुंशीगंज अमेठी। क्षेत्र के जामो-भादर मार्ग पर स्कूटी सवार अधिवक्ता को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोरवा गेट नंबर एक स्थित राजू ढाबा के पास निवासी शैलेन्द्र मणि तिवारी 31 अक्टूबर की शाम स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान जामो-भादर चौराहे की ओर से आ रहे बाइक सवारों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में अधिवक्ता के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया था। वृहस्पतिवार को उपचार के बाद उनके पिता सिद्धेश्वर मणि तिवारी ने थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

फुटबॉल प्रतियोगिता का जिला स्तरीय ट्रायल 13 को

अमेठी । उपक्रीड़ाधिकारी अरबिन्द सिंह कुशवाहा ने बताया कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर/सीनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन को जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स की तिथियाँ निर्धारित की गयी है। उक्त सबजूनियर/सीनियर पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 13 नवम्बर 2026 एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 14 नवम्बर 2026 तथा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 16 नवम्बर 2026 से 23 नवम्बर 2026 तक गोण्डा में आयोजित किया जायेगा।